Rest/Lew No. 12/4/29/1158/01

<u>**Vidhan Sabha Business**</u>

**No. GAD-C(D)5- 1/2016**
Government of Himachal Pradesh
General Administration Department
(Confidential & Cabinet)

From:

Virbhadra Singh,
Chief Minister, Himachal Pradesh,
Shimla.

To

The Secretary,
H.P. Vidhan Sabha, Shimla-4

Dated: Shimla-2, 24 August, 2016

Subject:- **Introduction of Bill in the current session of HP Vidhan Sabha.**

Sir,

I have the honour to give notice of my intention to introduce the "The Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Second Amendment Bill, 2016 in the current session of the Himachal Pradesh Legislative Assembly.

I am, therefore, to request you to obtain permission from the Hon'ble Speaker to include the aforesaid Bill in the list of business for introduction, consideration and passing the same in the current session.

Three authenticated copies of aforesaid Bills along with Principal Act are enclosed.

Yours faithfully,

वीरभद्र

(Virbhadra Singh)
Chief Minister
Himachal Pradesh

2016 का विधेयक संख्यांक 19

# हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

# हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2016

## खण्डों का क्रम

खण्ड :

1. संक्षिप्त नाम।
2. धारा 4–ङ का संशोधन।
3. धारा 4–च का संशोधन।

# हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) अधिनियम, 1971 (1971 का अधिनियम संख्यांक 8) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक।**

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

संक्षिप्त नाम।

**1.** इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) द्वितीय संशोधन अधिनियम, 2016 है।

धारा 4–ङ का संशोधन।

**2.** हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) अधिनियम, 1971 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) की धारा 4–ङ की उपधारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रखी जाएगी, अर्थात् :—

"(2) प्रत्येक भूतपूर्व सदस्य, जिसने उपधारा (1) के अधीन गृह निर्माण अग्रिम की सुविधा प्राप्त की है या सदस्य के रूप में ऐसी सुविधा प्राप्त की है और ऐसे अग्रिम की सम्पूर्ण रकम का, उस पर ब्याज सहित प्रतिसंदाय कर दिया है, द्वितीय गृह निर्माण अग्रिम की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रतिसंदेय अग्रिम स्वरूप, ऐसी धनराशि, ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जैसे इस निमित्त गृह निर्माण या बने बनाए गृह का क्रय करने या पुराने गृह का पुनरूद्धार करने के लिए बनाए गए नियमों द्वारा अवधारित की जाए, प्राप्त करने का हकदार होगा।"।

धारा 4–च का संशोधन।

**3.** मूल अधिनियम की धारा 4–च की उपधारा (2) में, "प्रत्येक सदस्य, जिसने उपधारा (1) के अधीन मोटर कार अग्रिम की सुविधा प्राप्त की है" शब्दों, चिन्हों और अंक के स्थान पर "प्रत्येक भूतपूर्व सदस्य, जिसने उपधारा (1) के अधीन मोटर कार अग्रिम की सुविधा प्राप्त की है या सदस्य के रूप में ऐसी सुविधा प्राप्त की है" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे।

Authenticated

Chief Minister
Himachal Pradesh

## उद्देश्यों और कारणों का कथन

हिमाचल प्रदेश विधान सभा सुख सुविधा समिति ने ऐसे भूतपूर्व सदस्यों को द्वितीय मोटर कार अग्रिम हेतु उपबंध करने की भी सिफारिश की है जिन्होंने यह सुविधा सदस्य के रूप में प्राप्त की है और सम्पूर्ण रकम का ब्याज सहित प्रतिसंदाय कर दिया है। इस सिफारिश पर पूर्व में विचार नहीं किया गया था जिसके परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेंशन) अधिनियम, 1971 की धारा 4–च और 4–ङ के उपबन्धों को संशोधित नहीं किया गया था। अब, द्वितीय मोटर कार अग्रिम की सुविधा को ऐसे भूतपूर्व सदस्यों को अनुज्ञात करने का विनिश्चय किया गया है जिन्होनें सदस्य के रूप में ऐसी सुविधा प्राप्त की है और सम्पूर्ण रकम का ब्याज सहित प्रतिसंदाय कर दिया है। इसके अतिरिक्त सचिव, हिमाचल प्रदेश विधान सभा ने यह कथन किया है कि धारा 4–ङ के उपबन्धों को और स्पष्ट बनाया जाए क्योंकि इनमें ऐसे भूतपूर्व सदस्यों के लिए द्वितीय गृह निर्माण अग्रिम की मंजूरी हेतु विनिर्दिष्ट रूप से उपबन्ध नहीं है जिन्होंने सदस्य के रूप में ऐसी सुविधा प्राप्त की है और सम्पूर्ण रकम का ब्याज सहित प्रतिसंदाय कर दिया है। उपरोक्त के दृष्टिगत पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 4–ङ और 4–च में आवश्यक संशोधन करने का विनिश्चय किया गया है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

**(वीरभद्र सिंह)**
मुख्य मन्त्री।

**शिमला**

**तारीख : ........... अगस्त, 2016**

Authenticated
Chief Minister
Himachal Pradesh

---

## वित्तीय ज्ञापन

–शून्य–

---

## प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

–शून्य–

**हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2016**

हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) अधिनियम, 1971 (1971 का अधिनियम संख्यांक 8) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

**(वीरभद्र सिंह)**
मुख्य मन्त्री।

---

Authenticated
Chief Minister
Himachal Pradesh

**(डॉ० बलदेव सिंह)**
प्रधान सचिव (विधि)।

शिमला :

तारीख : .............. अगस्त, 2016

**इस संशोधन विधेयक द्वारा सम्भाव्य प्रभावित होने वाले हिमाचल प्रदेश विधान सभा (सदस्यों के भत्ते और पेन्शन) अधिनियम, 1971 (1971 का 8) के उपबन्धों के उद्धरण**

धाराएं :

**4–ङ. भूतपूर्व सदस्यों को गृह निर्माण अग्रिम.**—(1) ऐसे भूतपूर्व सदस्यों को, जिन्होंने सदस्य के रूप में गृह निर्माण अग्रिम की सुविधा प्राप्त नहीं की है, गृह निर्माण के लिए या बने बनाए गृह का क्रय करने के लिए, प्रतिसंदेय अग्रिम के रूप में ऐसी धनराशि, ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जैसी इस निमित्त बनाए गए नियमों द्वारा अवधारित की जाए, संदत्त की जा सकेगी।

(2) प्रत्येक सदस्य, जिसने उपधारा (1) के अधीन गृह निर्माण अग्रिम की सुविधा प्राप्त की है और ऐसे अग्रिम की सम्पूर्ण राशि का, उस पर ब्याज सहित प्रतिसंदाय कर दिया है, द्वितीय गृह निर्माण अग्रिम की सुविधा प्राप्त करने के लिए, प्रतिसंदेय अग्रिम स्वरूप ऐसी धनराशि, ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जैसी इस निमित्त गृह निर्माण या बने बनाए गृह का क्रय करने के लिए बनाए गए नियमों द्वारा अवधारित की जाए, प्राप्त करने का हकदार होगा।

**4–च. भूतपूर्व सदस्यों को मोटर कार खरीदने हेतु अग्रिम.**—(1) ऐसे भूतपूर्व सदस्यों को, जिन्होंने सदस्य के रूप में मोटर कार आग्रिम की सुविधा प्राप्त नहीं की है, मोटर कार का क्रय करने के लिए, प्रतिसंदेय अग्रिम के रूप में ऐसी धनराशि, ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जैसी इस निमित्त बनाए गए नियमों द्वारा अवधारित की जाए, संदत्त की जा सकेगी।

(2) प्रत्येक सदस्य, जिसने उपधारा (1) के अधीन मोटर कार अग्रिम की सुविधा प्राप्त की है और ऐसे अग्रिम की सम्पूर्ण राशि का, उस पर ब्याज सहित, प्रतिसंदाय कर दिया है, द्वितीय मोटर कार अग्रिम की सुविधा प्राप्त करने के लिए, प्रतिसंदेय अग्रिमरूवरूप, ऐसी धनराशि, ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जैसी इस निमित्त मोटर कार का क्रय करने के लिए बनाए गए नियमों द्वारा अवधारित की जाए, प्राप्त करने का हकदार होगा।

*AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT*

BILL NO. 19 OF 2016

# THE HIMACHAL PRADESH LEGISLATIVE ASSEMBLY (ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS) SECOND AMENDMENT BILL, 2016

(AS INTRODUCED IN THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

# THE HIMACHAL PRADESH LEGISLATIVE ASSEMBLY (ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS) SECOND AMENDMENT BILL, 2016

ARRANGEMENT OF CLAUSES

*Clauses:*

1. Short title.
2. Amendment of section 4-E.
3. Amendment of section 4-F.

Bill No. 19 of 2016

# THE HIMACHAL PRADESH LEGISLATIVE ASSEMBLY (ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS) SECOND AMENDMENT BILL, 2016

(As Introduced in the Legislative Assembly)

A

BILL

*further to amend the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Act, 1971 (Act No. 8 of 1971).*

Be it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Sixty-seventh Year of the Republic of India as follow :—

Short title.

**1.** This Act may be called the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Second Amendment Bill, 2016.

Amendment of section 4-E.

**2.** In section **4-E** of the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Act, 1971 hereinafter referred to as the "principal Act", for sub-section (2), the following sub-section shall be substituted, namely :—

"(2) Each ex-member who has availed the facility of house building advance under sub-section (1) or availed such facility as a member and has repaid whole amount of such advance with interest thereon, shall be entitled to avail facility of second house building advance by way of repayable advance, such sum of money, subject to such conditions, as may be determined by rules made in this behalf, for construction of house or for the purchase of built-up house or for renovation of old house.".

Amendment of section 4-F.

**3.** In section **4-F** of the principal Act, in sub-section (2), after the words, figure and signs **"sub-section (1)"**, the words **"or availed such facility as a member"** shall be inserted.

Authenticated

Chief Minister
Himachal Pradesh

## STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

The Himachal Pradesh Vidhan Sabha Amenities Committee had recommended for making provision for second Motor Car Advance to such ex-members who have availed such facility as member and repaid the whole amount with interest. This recommendation was not considered earlier as a result of which provisions of section 4-E and 4-F of the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Act, 1971 were not amended. Now, it has been decided to allow the facility of second Motor Car Advance to such ex-members who have availed this facility as a member and repaid the whole amount with interest. Further, the Secretary, Himachal Pradesh Vidhan Sabha has stated that the provision of section 4-E may be made more clear as it does not specifically provides for sanction of second House Building Advance to such ex-members who have availed this facility as a member and repaid the whole amount with interest. In view of above, it has been decided to make necessary amendments in sections 4-E and 4-F of the Act *ibid.*

This Bill seeks to achieve the aforesaid objectives.

**(VIRBHADRA SINGH)**
*Chief Minister.*

Shimla:

Date : The ........................, 2016.

Authenticated

Chief Minister
Himachal P...

---

## FINANCIAL MEMORANDUM

—NIL—

---

## MEMORANDUM REGARDING DELEGATED LEGISLATION

—NIL—

# THE HIMACHAL PRADESH LEGISLATIVE ASSEMBLY (ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS) SECOND AMENDMENT BILL, 2016

A

BILL

*further to amend the Himachal Pradesh Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Act, 1971 (Act No. 8 of 1971).*

**(VIRBHADRA SINGH)**
*Chief Minister.*

---

**(DR. BALDEV SINGH)**
*Pr. Secretary (Law).*

Authenticated
Chief Minister
Himachal Pradesh

Shimla:

Date : The ........................., 2016.

**EXTRACT OF THE PROVISIONS OF THE HIMACHAL PRADESH LEGISLATIVE ASSEMBLY (ALLOWANCES AND PENSION OF MEMBERS) ACT, 1971 (ACT NO. 8 OF 1971) LIKELY TO BE AFFECTED BY THIS AMENDMENT BILL.**

**4-E. House building advance to ex-members.**—(1) There may be paid to such ex-members, who have not availed the facility of house building advance as a member, by way of repayable advance, such sum of money, subject to such conditions, as may be determined by rules made in this behalf for the construction of a house or for the purchase of a built up house.

(2) Each ex-member who have availed the facility of house building advance and has repaid whole amount of such advance with interest thereon, shall be entitled to avail facility of second house building advance by way of repayable advance, such sum of money, subject to such conditions, as may be determined by rules made in this behalf, for construction of house or for the purchase of built-up house or for renovation of old house.

**4-F. Advance of loan for purchase of motor car.**—(1) There may be paid to such ex-members, who have not availed the facility of motor car advance as a member, by way of repayable advance, such sum of money, subject to such conditions, as may be determined by rules made in this behalf for the purchase of motor car.

(2) Each ex-member, who have availed the facility of motor car advance under sub-section (1) and has repaid whole amount of such advance with interest thereon, shall be entitled to avail facility of second motor car advance, by way of repayable advance, such sum of money, subject to such conditions, as may be determined by rules made in this behalf, for the purchase of motor car.